# (Commerce Group)
# BOOK-KEEPING AND ACCOUNTANCY 2018

**Time : 3 Hours ]** **Class : 12th** **[ M. M. : 100**

**Instructions :**

(i) All questions are compulsory.

(ii) Question Nos. 1 to 5 are objective type questions which contain choose the correct alternatives, Answer in one word, Fill up the blanks. Match the column, True or False. Each question carry one mark.

(iii) Question Nos. 6 to 10 are very short answer type questions. Each question carry 2 marks. Word limit 30 words.

(iv) Question Nos. 11 to 14 are short answer type questions. Each question carry 4 marks. Word limit 75 words.

(v) Question Nos. 15 to 21 are long answer type questions. Each question carry 4 marks. Word limit 120 words.

(vi) Question Nos. 22 to 26 are very long answer type questions. Each question carry 5 marks. Word limit 150 words.

(vii) There is no boundation of word limit in numerical questions.

Q.1 Choose the correct answer. $1 \times 5 = 5$

(a) The person on whose behalf the agent acts is called :

(i) Cheif agent (ii) Principal

(iii) Intermediary (iv) Retail trader

(b) Goodwill is :

(i) Floating asset (ii) Fixed asset

(iii) Tangible asset (iv) Fictitious asset

(c) When the number of partners in a firm exceeds twenty (in the case of banking firm ten) it is called :

(i) Dissolution of firm at will

(ii) Compulsory dissolution

(iii) Dissolution by agreement

(iv) Dissolution of firm on happening of a contingency

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

(d) The amount of premium brought by new partner is credited in:

(i) Capital Account of new partner

(ii) Premium Account

(iii) New Partner's Current Account

(iv) Bank Account

(e) Debenture is :

(i) A certificate for loan taken by company

(ii) A certificate of share received

(iii) A certificate for loan granted

(iv) A certificate of allotment of shares

Q.2 Write True/False : 1 × 5 = 5

(a) Account sale is prepared by the consignee.

(b) Contribution of capital is an essential element of partnership.

(c) The dissolution of firm means the dissolution of partnership.

(d) The undistributed profit shown in the balance sheet at time of new partner's admission is distributed to all partner.

(e) Debentures are issed by the company under its common seal.

Q.3 Fill in the blanks : 1 × 5 = 5

(a) The consignment account is prepared by the _______

(b) The business of partnership must be ________

(c) Change in partnership agreement amounts to ______ of partnership firm.

(d) The amount paid by new partner for acquiring his share in the assets of the firm is called ______

(e) The consideration for debentures is ________

Q.4 Answer in one word/sentence : 1 × 5 = 5

(a) Which commission is paid for realizing credit sales and bearing the risk of bad debts?

(b) When are partner's current accounts prepared?

(c) How many times the realisation account is prepared during firm's life?

(d) How much amount is received on the death of a partner if the firm has taken life policy of all partners?

(e) Which type of debentures can be converted into shares?

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

Q.5 Match the columns : 1 × 5 = 5

| (A) | (B) |
|---|---|
| (a) Commission Account is prepared | (i) It is credited in premium account |
| (b) Goodwill is saleable | (ii) Are closed |
| (c) All the books of accounts | (iii) By the consignee |
| (d) When goodwill is brought by new partner in cash | (iv) Member of a company |
| (e) A debenture holder is not regarded | (v) Assets |

Q.6 Explain statutory position of debenture holder. 2

**(Or)** What is debenture?

Q.7 What is meant by Accounting Ratio? 2

**(Or)** What is meant by Financial Analysis?

Q.8 Write the formula of Liquidity Ratio. 2

**(Or)** Explain the Current Ratio. http://www.mpboardonline.com

Q.9 From the following information calculates Gross Profit Ratio : 2
Cost of goods sold Rs. 900000, Sales Rs. 1200000.

**(Or)** Which items are included in Current Assets? (any four)

Q.10 What is working capital? Explain. 2

**(Or)** Explain the term "Cash Equivalents"

Q.11 Write the causes of dissolution of firm. 3

**(Or)** Explain the compulsory dissolution of a firm.

Q.12 Explain the Realisation Account. 3

**(Or)** A, B and C are partners in a firm and share Profit and Loss in the ratio of 1 : 2 : 3. They dissolved the firm on 31st December, 2017. On this date the Balance Sheet of firm was as follows :

**Balance Sheet**

| Liabilities | Amount (Rs.) | Assets | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| Creditors | 60000 | Fixed Assets | 100000 |
| Capital | | Current Assets | 40000 |
| A : 30,000 | | Cash | 10000 |
| B : 30,000 | | | |
| C : 30,000 | 90000 | | |
| | 150000 | | 150000 |

http://www.mpboardonline.com

http://www.mpboardonline.com

10% less than book value was realised from assets. Creditors were paid in full. Dissolution expenses of Rs. 500 paid in cash. An amount of Rs. 500 was paid for contingent liabilities for which no provision was made in the books.

Prepare Realisation Account

Q.13 Write the characteristics of preference shares. 3

**(Or)** Rohit Ltd. Issued 8%. 10,000 preference shares of Rs.10 each to the public. All amount received in lump-sum. Pass the necessary journal entries in the books of Rohit Ltd.

Q.14 Explain kinds of preference shares. 3

**(Or)** Mohit was holding 250 equity shares of Rs.10 each on which he paid Rs. 5 on application but could not pay Rs. 3 on allotment and Rs. 2 on first and final call. Directors forfeited the shares. Give journal entry for recording the forfeiture of shares.

Q.15 Which law does apply in the absence of a partnership deed? 4

**(Or)** A and B are partners in a firm whose capital on 1st January, 2017 were Rs. 25.000 and Rs 20,000 respectively. They are allowed interest on capital at 8% per annum and interest on drawings is charged @ 12% per annum. A gave Rs. 10,000 to the firm as a loan on 1st July, 2017 at 6% per annum. B is entitled to receive an annual salary of Rs. 5,000. Interest charged on their drawings were Rs. 600 and Rs. 500 respectively at year ending on 31st December 2017. The profit before making above adjustments was Rs. 25,000.

Prepare Profit and Loss Appropriation Account for the year 2017.

Q.16 Explain difference between Equity share and Preference share. 4

**(Or)** Sachin Ltd. invited application for issuing 20,000 equity shares of Rs. 10 each at a discount of 10%. The whole amount was payable on application. The issue was fully subscribed.

Pass the necessary Journal Entries.

Q.17 Which point should a company keep in mind while redeeming its debenture? 4

**(Or)** Explain kinds of debentures according to registration.

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

Q.18 Write difference between share and debenture. 4

**(Or)** M/s Gupta Company issued 1,000, 7% debentures of Rs. 100 each at 10% premium. Rs. 30 on application and balance on allotment was payable.

Pass the necessary Journal entries in the books of company.

Q.19 Explain the objectives of Ratio analysis. 4

**(Or)** From the following information prepare a comparative income statement?

| **Particulars** | **2008 (Rs.)** | **2017 (Rs.)** |
|---|---|---|
| Sales | 200000 | 250000 |
| (-)Cost of goods sold | (100000) | (130000) |
| | 100000 | 120000 |
| (-) Operating Expense | 100000 | 10000 |
| | 90000 | 110000 |

Q.20 Explain the importance of Cash Flow Statement. 4

**(Or)** Write the items of sources and application of Cash Flow Statement.

Q.21 What is the difference between Cash Flow Statement and Cash Budget? 4

**(Or)** Calculate cash flow from operating activities from the following information :

| | **2016 (Rs.)** | **2017 (Rs.)** |
|---|---|---|
| Profit & Loss | 240000 | 220000 |
| Debtors | 124000 | 100000 |
| Outstanding Rent | 84000 | 48000 |
| Goodwill | 152000 | 160000 |
| Prepaid Insurance | 8000 | 16000 |
| Creditors | 76000 | 52000 |

Q.22 The Pratha Drug House, Gwalior consigned 35 boxes of medicines to M/s Mona Medical Store, Bhopal at Rs. 7,000 and he paid Rs. 700 for carriage and frieght.

In transit, 5 boxes were lost and Railway Company paid Rs. 1,000 for the loss. The consignee took delivery of the remaining boxes and incurred Rs. 420 for expenses on it. The consignee sent and Account Sales intimating the sales of 25 boxes for Rs. 7,500. The selling expenses incurred by them amounted to Rs. 600. They are entitled to a commission of 5% on gross sales.

Prepare Consignment Account

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

(Or) Distinguish between Consignment and sale.

Q.23 Distinguish between Sacrificing ratio and Gaining ratio. 5

(Or) Discuss the methods of valuation of goodwill.

Q.24 Explain the causes of admission of a new partner in firm. 5

(Or) A, B and C are partners in a firm. They share Profit and Loss in the ratio of 2 : 4 : 6. Their Balance Sheet on 31st December, 2017 is follows :

**Balance Sheet**

| Liabilities | Amount (Rs.) | Assets | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| Capital | | Building | 120000 |
| A : 48,000 | | Furniture | 32000 |
| B : 40,000 | | Debtors | 40000 |
| C : 32,000 | 120000 | Cash | 8000 |
| General Reserve | 36000 | | |
| Creditors | 44000 | | |
| | 200000 | | 200000 |

On 1st January 2018 C retired. The goodwill of the firm was valued at Rs. 60,000. The amount payable to C be transferred to his Loan Account. Prepare Partners Capital Account.

Q.25 Kapil Ltd. issued 1,000 shares of Rs. 10 each at a premium of Rs. 2 per share. Amount payable as follows - Rs. 4 on Application, Rs.4 on Allotment (including premium) rest on first and final call. The issue was fully subscribed and whole amount received. Pass the necessary journal entries. 5

(Or) Discuss the procedure of forfeiture of shares.

Q.26 Explain the objectives of preparing Financial Statement. 5

(Or) Under what heading the following items are shown in the Balance Sheet of the Company.

(i) Work in Progress
(ii) Share Forfeiture Account
(iii) Subscribed Capital
(iv) Preliminary Expenses
(v) Proposed Dividend

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

# (कॉमर्स समूह)

# बुक-कीपिंग एण्ड एकाउन्टेन्सी 2018

समय : 3 घण्टे ] कक्षा : 12वीं [ पूर्णांक : 100

निर्देश : (1) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(2) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है जिनके अन्तर्गत सही विकल्प चुनिए, एक शब्द में उत्तर दीजिए, रिक्त स्थानों की पूर्ति, सही जोड़ी बनाइए एवं सत्य/असत्य आदि प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(3) प्रश्न क्रमांक 6 से 10 तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। शब्द सीमा 30 शब्द है।

(4) प्रश्न क्रमांक 11 से 14 तक लघु उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक के लिए 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 75 शब्द है।

(5) प्रश्न क्रमांक 15 से 21 तक दीर्घ उत्तरीय प्रश्न है। प्रत्येक के लिए 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा 120 शब्द है।

(6) प्रश्न क्रमांक 22 से 26 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है शब्द सीमा 150 शब्द है।

(7) संख्यात्मक प्रश्नों में शब्द सीमा का बंधन नहीं है।

प्रश्न 1. सही विकल्प चुनिए - 5

(अ) जिस व्यक्ति की ओर से एजेण्ट कार्य करता हैं उसे कहते है-

(1) मुख्य एजेण्ट (2) प्रधान

(3) मध्यस्थ (4) फुटकर व्यापारी

(ब) ख्याति है-

(1) एक चल सम्पत्ति (2) एक स्थायी सम्पत्ति

(3) एक मूर्त सम्पत्ति (4) एक कृत्रिम सम्पत्ति

(स) जब साझेदारों की संख्या 20 से अधिक (बैंकिंग फर्म की दशा में 10 से अधिक) हो जाती है तो इसे कहते है-

(1) फर्म का ऐच्छिक विघटन (2) फर्म का अनिवा...

(3) ठहराव द्वारा विघटन (4) आकस्मिक विघटन

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

(द) जब नया साझेदार प्रीमियम की राशि नकद लाता है तो इसे जमा किया जाता है।

(1) नये साझेदार के पूँजी खाते में

(2) प्रीमियम खाते में

(3) नये साझेदार के चालू खाते में

(4) बैंक खाते में

(इ) ऋण-पत्र है-

(1) कम्पनी द्वारा ऋण लेने का प्रमाण पत्र

(2) अंश लेने का प्रमाण पत्र

(3) ऋण देने का प्रमाण पत्र

(4) अंश आवंटन का प्रमाण पत्र

प्रश्न 2. सत्य/असत्य लिखिये - 5

(अ) बिक्री विवरण प्रेषणी द्वारा बनाया जाता है।

(ब) साझेदारी में पूँजी लाना अनिवार्य शर्त रहती है।

(स) फर्म के विघटन की दशा में सभी साझेदारों के आपसी संबंध समाप्त हो जाते हैं। http://www.mpboardonline.com

(द) नये साझेदार के प्रवेश के समय फर्म के चिट्ठे मे दर्शाया गया अवितरित लाई नई फर्म के सभी साझेदारों के पूँजी खाते में बाँट दिया जाता है।

(इ) ऋण-पत्र कम्पनी की सार्व मुद्रा के अधीन निर्गमित किये जाते हैं।

प्रश्न 3. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो- 5

(अ) प्रेषण खाता ............ के द्वारा बनाया जाता है।

(ब) साझेदारी का व्यवसाय ............... होना चाहिए।

(स) साझेदारी ठहराव में परिवर्तन साझेदारी फर्म का ............... कहलाता है।

(द) फर्म की सम्पत्तियों में हिस्सा प्राप्त करने के लिए नये साझेदार द्वारा दी जाने वाली धनराशि ....... कहलाती है।

(इ) ऋण-पत्रों का प्रतिफल ............ होता है।

प्रश्न 4. एक शब्द/वाक्य में उत्तर दीजिए - 5

(अ) उधार माल की वसूली तथा डूबत ऋण की जोखिम सहन करने के लिए एजेण्ट को दिया जाने वाला कमीशन कहलाता है?

(ब) साझेदारों के चालू खाते कब बनाये जाते हैं?

(स) वसूली खाता फर्म के जीवन काल में कितनी बार बनाया जाता है?

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

(द) यदि सभी साझेदारों के जीवन पर संयुक्त बीमा पॉलिसी ली गई और किसी एक साझेदार की मृत्यु हो जाये तो पॉलिसी की कितनी राशि फर्म को नकद प्राप्त हो सकती है?

(इ) अंशों में बदलने योग्य ऋण पत्रों को क्या कहते हैं?

प्रश्न 5. सही जोड़ी बनाइए - 5

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (अ) कमीशन खाता तैयार किया जाता है। | (1) इसे प्रीमियम खाते में जमा किया जाता है। |
| (ब) ख्याति एक विक्रय योग्य | (2) बंद कर दी जाती है |
| (स) फर्म के विघटन की दशा में सभी लेखा पुस्तकें | (3) प्रेषणी द्वारा |
| (द) ख्याति की राशी नकद लाई जाने पर | (4) कम्पनी का सदस्य |
| (इ) एक ऋण-पत्रधारी नहीं माना जाता | (5) सम्पत्ति |

प्रश्न 6. ऋण पत्रधारी की वैधानिक स्थिति बताइए। 2

(अथवा) ऋण-पत्र क्या है?

प्रश्न 7. लेखांकन अनुपात क्या है? 2

(अथवा) वित्तीय विश्लेषण क्या होता है?

प्रश्न 8. तरलता अनुपात का सूत्र लिखो। 2

(अथवा) चालू अनुपात को समझाइए।

प्रश्न 9. निम्नलिखित सूचनाओं से सकल लाभ अनुपात की गणना करो : 2
बेचे गए माल की लागत 9,00,000 रु. बिक्री 12,00,000 रु.

(अथवा) चालू सम्पत्तियों में कौन-कौन सी मदें सम्मिलित की जाती है? (कोई चार)

प्रश्न 10. कार्यशील पूँजी में क्या है? समझाइए। 2

(अथवा) रोकड़ तुल्य शब्द का अर्थ समझाइए।

प्रश्न 11. फर्म के विघटन के कारणों को समझाइए। 3

(अथवा) फर्म के अनिवार्य विघटनन को समझाइए।

प्रश्न 12. वसूली खाते को समझाइए। 3

(अथवा) अ, ब और स एक फर्म के साझेदार हैं और लाभ-हानि 1 : 2 : 3 के अनुपात में बाँटते हैं उन्होंने 31 दिसम्बर, 2017 को फर्म का विघटन किया। इस तिथि को फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार था।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

चिट्ठा

| दायित्व | रकम (रु.) | सम्पत्ति | रकम (रु.) |
|---|---|---|---|
| लेनदार | 60000 | स्थायी सम्पत्ति | 1,00,000 |
| पूँजी : | | चालू सम्पत्ति | 40000 |
| अ : 30,000 | | रोकड़ | 10,000 |
| ब : 30,000 | | | |
| स : 30,000 | 90,000 | | |
| | 1,50,000 | | 1,50,000 |

सम्पत्ति से उनके पुस्तक मूल्य से 10% कम वसूल किये। लेनदारों को पूरा भुगतान किया। समापन व्यय 500 रु. हुए जो नकदी चुकाये। एक संदिग्ध दायित्व के लिए 500 रु. भुगतान किये जिनकी पुस्तकों में कोई व्यवस्था नहीं थी।
वसूली खाता बनाइए।

प्रश्न 13. पूर्वाधिकार अंशों की विशेषताओं को समझाइए। 3

(अथवा) रोहित लिमिटेड ने 10 रु. वाले 10,000, 8% पूर्वाधिकार अंश जनता में निर्गमित किये। सम्पूर्ण राशि एक मुश्त प्राप्त हो गई। रोहित लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। http://www.mpboardonline.com

प्रश्न 14. पूर्वाधिकार अंशों के प्रकारों को समझाइए। 3

(अथवा) मोहित के पास 10 रु. वाले 250 समता अंश थे, जिसमें से उसने 5 रु. आवेदन पत्र के दिये, लेकिन आवंटन के 3 और प्रथम एवं अंतिम याचना के 2 रु. नहीं दे सका। संचालकों न अंशों का हरण कर लिया। अंश हरण से सम्बन्धित जर्नल प्रविष्टि कीजिए।

प्रश्न 15. साझेदारी संलेख के अभाव में कौन-सा विधान लागू होता है? 3

(अथवा) अ और ब एक फर्म में साझेदार हैं। 1 जनवरी 2017 को उनकी पूँजी क्रमशः 25000 रु. और 20,000 रु. थी। उन्हें पूँजी पर 8% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज दिया जाता है और उनके आहरणों पर 12% वार्षिक ब्याज लगाया जाता है। अ ने 1, जुलाई 2017 को 10,000 रु. 6% वार्षिक पर फर्म को ऋण के रूप में दिये। ब 5,000 रु. वेतन पाने का अधिकारी है। उनके आहरण पर ब्याज 600 रु. एवं 500 रु. लगाया गया। 31 दिसम्बर, 2017 को समाप्त वर्ष का लाभ उपरोक्त समायोजन के पूर्व 25000 रु. था।
वर्ष 2017 का लाभ-हानि नियोजन खाता बनाइए।

प्रश्न 16. समता अंश व पूर्वाधिकार अंशों में भिन्नता को समझाइए। 4

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

**(अथवा)** सचिन लि. ने 20,000 समता अंश प्रत्येक 10 रु. का 10% बट्टे पर निर्गमन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये। सम्पूर्ण राशि आवेदन पर देय थी। सभी अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए। जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए।

प्रश्न 17. ऋणपत्रों का शोधन करते समय कौन-कौन सी बातें ध्यान में रखी जाती है? 4

**(अथवा)** पंजीयन के आधार पर ऋणपत्रों के प्रकारों को समझाइए।

प्रश्न 18. अंश पत्र एवं ऋण पत्र में अन्तर लिखिए। 4

**(अथवा)** मेसर्स गुप्ता कम्पनी ने 100 रु. वाले 1,000, 7% ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर निर्गमित किये। आवेदन पर 30 रु. व शेष आवंटन पर देय था। कमपनी की पुस्तकों में जर्नल की आवश्यक प्रविष्टि कीजिए।

प्रश्न 19. अनुपात विश्लेषणों के उद्देश्यों को समझाइए। 4

**(अथवा)** निम्न सूचनाओं से तुलनात्मक आय विवरण तैयार कीजिए :

| विवरण | 2016 (रु.) | 2017 (रु.) |
|---|---|---|
| विक्रय | 2,00,000 | 2,50,000 |
| (-) बेचे गए माल की लागत | (1,00,000) | (1,30,000) |
| | 1,00,000 | 1,20,000 |
| (-) संचालन व्यय | (10,000) | (10,000) |
| | 90,000 | 1,10,000 |

प्रश्न 20. रोकड़ प्रवाह विवरण के महत्त्व को समझाइए। 4

**(अथवा)** रोकड़ प्रवाह विचरण के स्त्रोत एवं प्रयोग की मदों को लिखिए।

प्रश्न 21. रोकड़ प्रवाह विवरण तथा रोकड़ बजट में अन्तर क्या है? 4

**(अथवा)** निम्न सूचनाओं द्वारा संचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :

| | 2016 (रु.) | 2017 (रु.) |
|---|---|---|
| लाभ-हानि खाता | 2,40,000 | 2,20,000 |
| देनदार | 1,24,000 | 1,00,000 |
| अदत्त किराया | 84,000 | 48,000 |
| ख्याति | 1,52,000 | 1,60,000 |
| पूर्वदत्त बीमा | 8,000 | 16,000 |
| लेनदार | 76,000 | 52,000 |

प्रश्न 22. प्रथा ड्रग हाउस, ग्वालियर ने दवाइयों की 35 पेटी मेसर्स मोना मेडीकल भोपाल को 7,000 रु. पर भेजी और उन्होंने गाड़ी भाड़ा व रेल (भाड़ा) किराये के 700 रु. चुकाये रास्ते में 5 पेटियाँ खो गई और रेलवे कम्पनी ने 1,000 रु. क्षतिपूर्ति के दिये। प्रेषणी ने शेष पेटियों की सुपुर्दगी ली और उस पर 420 रु. व्यय किये गये।

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com

प्रेषणी ने विक्रय विवरण भेजकर 7,500 रु. में 25 पेटियों की बिक्री की सूचना दी। उनके द्वारा 600 रु. बिक्री व्यय हुआ। वे कुल बिक्री पर 5% कमीशन के अधिकारी हैं। प्रेषण खाता बनाइए। 5

**(अथवा)** प्रेषण व बिक्री में अन्तर समझाइए।

प्रश्न 23. त्याग का अनुपात एवं प्राप्ति के अनुपात में अन्तर समझाइए। 5

**(अथवा)** ख्याति के मूल्यांकन की विधियों को समझाइए।

प्रश्न 24. नये साझेदार को फर्म में प्रवेश देने के कारणों को समझाइए। 5

**(अथवा)** अ, ब और स एक फर्म में साझेदार हैं। वे अपना लाभ-हानि अनुपात 2 : 4 : 6 में बाँटते हैं। 31 दिसम्बर, 2017 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था :

| दायित्व | रकम (रु.) | सम्पत्ति | रकम (रु.) |
|---|---|---|---|
| पूँजी | | भवन | 1,20,000 |
| अ : 48,000 | | फर्नीचर | 32,000 |
| ब : 40,000 | | देनदार | 40,000 |
| स : 32,000 | 1,20,000 | रोकड़ | 8,000 |
| सामान्य संचय | 36,000 | | |
| लेनदार | 44,000 | | |
| | 2,00,000 | | 2,00,000 |

स ने 1 जनवरी, 2018 को अवकाश ग्रहण किया। फर्म की ख्याति 60,000 रु. आँकी गई है। स को दी जाने वाली राशि उसके ऋण खाते में हस्तांतरित कीजिए। साझेदारों का पूँजी खाता बनाइए।

प्रश्न 25. कपिल लिमिटेड ने 10 रु. वाले 1,000 और 2 रु. प्रीमियम पर निर्गमित किये। राशि इस प्रकार देय थी - 4 रु. आवेदन पर 4 रु. आवंटन पर (प्रीमियम सहित) शेष राशि प्रथम एवं अन्तिम याचना पर देय थी। सभी अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए एवं सभी राशि प्राप्त हो गई। जर्नल के आवश्यक लेखे कीजिए। 5

**(अथवा)** अंश हरण की विधि को समझाइए।

प्रश्न 26. वित्तीय विवरणों को बनाने के उद्देश्यों को समझाइए। 5

**(अथवा)** निम्नलिखित मदों को कम्पनी के स्थिति विवरण (चिट्ठें) में किन शीर्षकों के अंतर्गत लिखा जाता है :

(1) चालू कार्य (2) अंश जब्ती खाता
(3) प्रार्थित पूँजी (4) प्रारम्भिक व्यय
(5) प्रस्तावित लाभांश

http://www.mpboardonline.com
http://www.mpboardonline.com